# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान को युवाओं ने लिया हाथोंहाथ

अभिषेक गुप्ता

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को युवाओं ने हाथोंहाथ लिया है। हर मिनट 8000 युवक वेबसाइट इसकी जानकारी ले रहे हैं। अब तक 20 हजार आवेदन आ चुके हैं। 14 हजार आवेदन बैंकों को भेजे जा चुके हैं। बैंक लोन देने में आनाकानी न करें, इसकी निगरानी की जा रही है।

बता दें कि इस योजना के तहत उद्यम चलाने के लिए प्रदेश सरकार पांच लाख रुपये का ब्याजमुक्त लोन दे रही है। शुक्रवार को सीएम यूपी दिवस पर आयोजित समारोह में युवाओं को चेक देंगे। कानपुर में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान और प्रयागराज में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी भी चेक वितरण करेंगे।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को उद्यमिता में आने के लिए प्रोत्साहित करना है। एमएसएमई विभाग के डैशबोर्ड में इस योजना को लेकर हजारों की संख्या में आवेदन आ रहे हैं। बैंकों ने इस योजना के अंतर्गत 2500 से ज्यादा आवेदन स्वीकृत कर दिए हैं। ये योजना आनलाइन है। आवेदन से पहले विभागीय स्तर पर स्क्रूटनी की जा रही है।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का लाभ लेने के लिए मची होड़

प्रमुख सचिव, एमएसएमई व औद्योगिक विकास आलोक कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशों के अनुरूप युवा उद्यमी विकास योजना की लगातार मानीटरिंग की जा रही है। युवाओं में इस योजना को लेकर खासा आकर्षण है। बैंक आवेदनों को खारिज न कर सकें, इसके लिए पूरी व्यवस्था ऑनलाइन की गई है।

## क्या है योजना

- वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में 1,000 करोड़ रुपये आवंटित
- सालाना एक लाख युवा उद्यमियों को 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण देने का लक्ष्य
- पहले ऋण के सफल पुनर्भुगतान के बाद, आवेदक दूसरे ऋण का लाभ भी उठा सकते हैं जो 7.5 लाख रुपये तक
- अगले 10 वर्षों में सालाना एक लाख इकाइयों को वित्त पोषित करके 10 लाख इकाइयों को तैयार करना
- विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, ओडीओपी प्रशिक्षण, टूलकिट योजना, एससी-एसटी-ओबीसी प्रशिक्षण योजना और कौशल उन्नयन में प्रशिक्षण
- शैक्षणिक संस्थानों से प्रमाण पत्र, डिप्लोमा और डिग्री वाले युवा भी इस योजना के तहत लाभ के पात्र होंगे